Daily Current Affairs 22 July 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 20 जुलाई को मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय चंद्रमा दिवस
• प्रतिवर्ष 20 जुलाई को वैश्विक स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय चंद्रमा दिवस का आयोजन किया जाता है। यह दिवस वर्ष 1969 में चंद्रमा पर पहली बार कदम रखने वाले व्यक्तियों एवं उनकी उपलब्धियों के सम्मान में मनाया जाता है। 'मून डे' या 'मून लैंडिंग डे' को वर्ष 1971 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन द्वारा घोषित किया गया था।
• इस मिशन की सफलता के बाद नासा ने इस लैंडिंग को 'सबसे बड़ी तकनीकी उपलब्धि' के रूप में वर्णित किया था। 20 जुलाई न केवल अमेरिका के इतिहास में बल्कि दुनिया के सबसे महत्त्वपूर्ण दिनों में से एक है, क्योंकि इस दिन आकाश में अन्वेषण और संभावनाओं का नवीन मार्ग प्रशस्त हुआ।

2. कर्नाटक, मणिपुर और चंडीगढ़ नीति आयोग के इंडिया इनोवेशन इंडेक्स 2021 में शीर्ष पर
• 21 जुलाई, 2022 को नीति आयोग द्वारा जारी इंडिया इनोवेशन इंडेक्स 2021 के तीसरे संस्करण में कर्नाटक, मणिपुर और चंडीगढ़ ने अपनी-अपनी श्रेणियों में शीर्ष स्थान हासिल किया है। यह सूचकांक नीति आयोग द्वारा 'इंस्टीट्यूट फॉर कॉम्पिटिटिवनेस' के सहयोग से जारी किया जाता है।

3. केंद्र सरकार ने MSP व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए किया संजय अग्रवाल समिति का गठन
• केंद्र सरकार ने तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को वापस लेने के आठ महीने बाद फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की 'अधिक असरदार एवं पारदर्शी' व्यवस्था के निर्माण के लिए एक समिति का गठन कर दिया है। एमएसपी समिति का प्रमुख पूर्व कृषि सचिव संजय अग्रवाल को बनाया गया है।
• इस 26 सदस्यीय समिति में किसान संगठनों के प्रतिनिधियों, कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि अर्थशास्त्रियों के अलावा केंद्र एवं राज्य सरकारों के अधिकारी भी शामिल हैं।

4. ISSF निशानेबाजी विश्व कप 2022 में भारत रहा शीर्ष पर
• 09 जुलाई से 21 जुलाई, 2022 तक चांगवोन (कोरिया) में आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप 2022 का आयोजन किया गया है। भारत 05 स्वर्ण, 06 रजत और 04 कांस्य पदक लेकर शीर्ष पर रहा। इस वर्ष यह दूसरी बार है जब भारतीय निशानेबाजों ने आईएसएसएफ विश्व कप पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया है। दक्षिण कोरिया ने 04 स्वर्ण, 05 रजत और 03 कांस्य पदक जीतकर दूसरे स्थान पर रहा है। वही चेक रिपब्लिक तीसरे स्थान पर रहा है।

5. आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने तरंगा हिल-अंबाजी-आबू रोड नई रेल लाइन को दी मंज़ूरी
• हाल ही में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 'तरंगा हिल-अंबाजी-आबू रोड नई रेल लाइन' के निर्माण को मंज़ूरी दी। नई रेल लाइन की कुल लंबाई 116.65 किलोमीटर होगी।यह परियोजना वर्ष 2026-27 तक पूरी हो जाएगी। परियोजना निर्माण के दौरान लगभग 40 लाख मानव दिवसों के लिये प्रत्यक्ष रोज़गार पैदा करेगी।

Daily Current Affairs 22 July 2022

• यह मार्ग राजस्थान के सिरोही ज़िले और गुजरात के बनासकांठा तथा मेहसाणा ज़िलों से होकर गुज़रेगी। यह मौजूदा अहमदाबाद-आबू रोड रेलवे लाइन के लिये वैकल्पिक मार्ग प्रदान करेगी।

6. भारत और नामीबिया ने कुनो राष्ट्रीय उद्यान में चीता लाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

• भारत और नामीबिया ने वन्यजीव संरक्षण और सतत जैव-विविधता उपयोग संबंधी समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौता-ज्ञापन में दोनों देशों के बीच वन्यजीव संरक्षण और सतत जैव-विविधता उपयोग पर जोर दिया गया है। भारत और नामीबिया के बीच एक समझौता ज्ञापन का उद्देश्य लगभग सात दशकों के बाद देश में चीतों को वापस लाना है। मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में पहले आठ चीतों को 15 अगस्त तक पहुंचने की उम्मीद है।

7. हेनले पासपोर्ट सूचकांक 2022 Q3 हुआ जारी

• हाल ही में जारी सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट रिपोर्ट 'हेनले पासपोर्ट सूचकांक 2022 Q3' में भारत को 87वां स्थान दिया गया है। इस प्रकार भारत के पास दुनिया भर में 60 गंतव्यों के लिये वीज़ा-मुक्त पहुँच है। मौजूदा रैंकिंग वर्ष 2022 की तीसरी तिमाही के लिये है।

8. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने किया 'बियॉन्ड द मिस्टी वेइल' पुस्तक का विमोचन

• हाल ही में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के मंदिरों पर सीनियर आईएएस आराधना जौहरी द्वारा लिखित पुस्तक 'बियॉन्ड द मिस्टी वेइल', टेंपल टेल्स ऑफ उत्तराखंड' का विमोचन किया। यह पुस्तक देश-विदेश में उत्तराखंड के दिव्य मंदिरों के प्रामाणिक परिचय के रूप में जानी जाएगी।

• पूर्व आईएएस अधिकारी आराधना जौहरी, जिन्होंने पहले नैनीताल के जिलाधिकारी के रूप में कार्य किया था।देवभूमि उत्तराखंड के पौराणिक मंदिरों पर आधारित पुस्तक हमें हमारी संस्कृति और पौराणिक कथाओं के बारे में बताती है। चारधाम के अलावा धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

9. भारतीय नौसेना की पहली नौसेना नवाचार और स्वदेशीकरण संगोष्ठी 'स्वावलंबन' का किया गया आयोजन

• नौसेना नवाचार और स्वदेशीकरण संगठन (NIIO) की पहली संगोष्ठी 'स्वावलंबन' 18-19 जुलाई 2022 को नई दिल्ली में आयोजित हुई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर पर उपस्थित थे। माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि थे।

• इस दौरान प्रधानमंत्री ने 'स्प्रिंट चैलेंजेज़' का अनावरण किया। 'स्प्रिंट (SPRINT) (आई-डीईएक्स, एनआईआईओ और टीडीएसी के माध्यम से आरएंडडी में पोल-वॉल्टिंग का समर्थन) चैलेंजेज़' का उद्देश्य भारतीय नौसेना में स्वदेशी प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देना है।

10. द्रौपदी मुर्मू बनीं देश की पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति

• 21 जुलाई, 2022 को द्रौपदी मुर्मू भारत गणराज्य की 15वीं राष्ट्रपति के रूप में चुनी गई है। इसके साथ ही वह भारत की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति और दुसरी महिला राष्ट्रपति बन गई हैं। वह वर्तमान राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का स्थान लेंगी, जिनका कार्यकाल 24 जुलाई, 2022 को समाप्त हो रहा है। उन्होंने विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को हराया है।